Please check that this question paper contains........Questions and that has....Printed pages.

Roll No---------------  SUBJECT CODE:-
002

# D.A.V. INSTITUTIONS, CHHATTISGAR
# SAMPLEPAPER-
# 2023-2

## CLASS - 10th

**SUBJECT: HINDI (Course-A)**

**Time Allowed: 3 Hours** **Maximum Marks: 80**

कक्षा **10** वीं हिंदी **-**अ **(**कोड **002)**

**निर्धारित समय**: 3 **घंटे** **पूर्णांक**: 80

---

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड है- खंड अ और ब I खंड क में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड ख में वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंड़ों में प्रश्नों की संख्या 17 है और दोनों खड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड अ मे कुल 10 प्रश्न है जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उप प्रश्न के उत्तर दीजिए।
5. खंड ब में कुल 7 है सभी के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड-अ (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न** 1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपर्युक्त विकल्प चुनकर लिखिए I**
(1x5=5)

घर' जैसा छोटा-सा शब्द भावात्मक दृष्टि से बहुत विशाल होता है। इस आधार पर मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी, बँगला आदि इसके समानार्थी बिलकुल भी नहीं लगते हैं क्योंकि इनका सामान्य संबंध दीवारों, छतों और बाहरी व

आंतरिक साज-सज्जा तक सीमित होता है, जबकि घर प्यार-भरोसे और रिश्तों की मिठास से बनता है। एक आदर्श घर वही है, जिसमें प्रेम व भरोसे की दीवारें, आपसी तालमेल की छतें, रिश्तों की मधुरता के खिले खिले रंग, स्नेह, सम्मान व संवेदनाओं की सज्जा हो। घर में भावात्मकता है, वह भावात्मकता, जो संबंधोंको महकाकर परिवार को जोड़े रखती है। यह बात हमें अच्छी तरह याद रखनी चाहिए कि जब रिश्ते महकते हैं, तो घर महकता है, प्यार अठखेलियाँ करता है, तो घर अठखेलियाँ करता है रिश्तों का उल्लास घर का उल्लास होता है, इसलिए रिश्ते हैं, तो घर है और रिश्तों के बीच बहता प्रेम घर की नींव है। यह नींव जितनी मजबूत होगी,घर उतना ही मजबूत होगा। न जाने क्यों, आज का मनुष्य संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है, उसके मन की कोमलता, कठोरता में बदल रही है; दिन-रात कार्य में व्यस्त रहने और धनोपार्जन की अति तीव्र लालसा से उसके अंदर मशीनियत बढ़ रही है, इसलिए उसके लिए घर के मायने बदल रहे हैं; उसकी अहमियत बदल रही है, इसी कारण आज परिवार में आपसी कलह, द्वंद्व आदि बढ़ रहे हैं। आज की पीढ़ी प्राइवेसी (वैयक्तिकता) के नाम पर एकाकीपन में सुख खोज रही है। उसकी सोच 'मेरा कमरा, मेरी दुनिया' तक सिमट गई है। एक छत के नीचे रहते हुए भी हम एकाकी होते जा रहे हैं। काश, सब घर की अहमियत समझें और अपना अहं हटाकर घर को घर बनाए रखने का प्रयास करें।

(i) भावात्मक दृष्टि से घर जैसे छोटे-से शब्द की ‘विशालता ‘ में निहित है – कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -

कथन-

. प्रेम, विश्वास, नातों का माधुर्य व संवेदनाएँ

. आकर्षक बनावट, सुंदर लोग, वैभव व संपन्नता

. सुंदर रंग संयोजन, आंतरिक सजावट एवं हरियाली

. स्नेह, सम्मान, सरसता, संवेदनाएँ, संपन्नता व साज-सज्जा

विकल्प-

(a) कथन (i) सही है।　　(b) कथन (i) व (ii) सही हैं

(c) कथन (ii) व (iii) सही हैं　　(d) कथन (iii) व (iv) सही हैं

(ii) सामान्य रूप में मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी आदि शब्दों का संबंधकिससे होता है? 1

(a) हृदय की भावनाओं से　　(b) वैभव और समृद्धि से

(c) स्थानीय सुविधाओं से　　(d) बनावट व सजावट से

(iii) आज की पीढ़ी को सुख किसमें दिखाई दे रहा है?

(a) निजी जीवन व एकांतिकता में　　(b) पारिवारिक भावात्मक संबंधोंमें

(c) बिना मेहनत सब कुछ मिल जाने में　　(d) धन कमाने के लिए जी-तोड़ मेहनत करने में

(iv) गद्यांश में प्रेम को घर का क्या बताया गया है?

(a) आभूषण　　(b) आधार　　(c) भरोसा　　(d) उल्लास

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

कथन (A) : आदमी के अंदर संवेदनाओं की जगह मशीनियत बढ़ती जा रही है।

कारण (R) : व्यस्तता और अर्थोपार्जन की अति महत्वाकांक्षा ने उसे यहाँ तक पहुँचा दिया है।

(a) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(c) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(d) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न -2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपर्युक्त विकल्प चुनकर लिखिए (1x5=5)**

सागर के उर पर नाच-नाच करती हैं लहरें मधुर गान।
जगती के मन को खींच-खींच
निज छवि के रस से सींच-सींच
जल कन्याएँ भोली अजान,
सागर के उर पर नाच-नाच करती हैं लहरें मधुर गान।
प्रातः समीर से हो अधीर,
छूकर पल-पल उल्लसित तीर,
कुसुमावलि -सी पुलकित महान,
सागर के उर पर नाच-नाच करती हैं लहरें मधुर गान।
संध्या से पाकर रुचि रंग
करती-सी शत सुर-चाप भंग
हिलती नाव तरु-दल के समान,
सागर के उर पर नाच-नाच करती हैं लहरें मधुर गान।
करतल-गत कर नभ की विभूति,
पाकर शशि से सुषमानुभूति
तारावलि-सी मृदु दीप्तिमान,
तन पर शोभित नीला दुकूल
है छिपे हृदय में भाव फूल
आकर्षित करती हुई ध्यान ,
सागर के उर पर नाच-नाच करती हैं लहरें मधुर गान।

(i) लहरें समुद्र के उर पर क्या करती हुई प्रतीत होती हैं?

a) नाचती और गाती हुई (b) हँसती और नाचती हुई

(c) हिलती-डुलती हुई (d) मन को खींचती हुई

(ii) कविता में 'जल कन्याएँ' प्रयुक्त हुआ है-

(a) प्रात:कालीन हवाओं के लिए (b) समुद्र की लहरों के लिए

(c ) फूलो की कतार के लिए (d ) समुद्री जीवो के लिए

(iii) सुर-चाप का अर्थ है-

(a) संध्या की शोभा (b) इंद्रधनुष

(c) चंद्रमा की सुंदरता (d) तारों की छाँव

(iv) इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-

कथन :

(क) सागर-तल पर लहरों के मनोहारी नृत्य का वर्णन करना ।

(ख) वायु के चलने की गति का बखान करना।

(ग) सांध्यकालीन सौंदर्य का वर्णन करना।

(घ) सागर-तट की लहरों का मानवीकरण करना।

विकल्प :

(a) कथन (क) सही है। (b) कथन (क) और (ख) सही है।

(c) कथन (ख) और (ग) सही हैं। (d) कथन (ग) और (क) सही हैं।

(v) कवि ने सागर के उर पर नाचती किरणों को किसके समान नहीं बताया है?

(a) भोली अजान कन्याओं के समान (b) तारावलि के समान

(c) कुसुमावलि के समान (d) इंद्रधनुष के समान

**प्रश्न-3 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए : (4 x 1 = 4 )**

(i) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य कौन-सा है? 1

(a) मन्नू भंडारी ने अपनी माता को दब्बू बताया है।

(b) विद्यालय में आए दिन बच्चों में लड़ाई-झगड़े होते थे और प्रधानाचार्य उन पर कार्यवाही करते थे।

(c) हालदार साहब चौराहे पर इसलिए रुक गए क्योंकि उन्हें नेताजी की मूर्ति देखनी थी।

(d) पिताजी ने आज्ञा दी कि आज कॉलेज मत जाओ।

(ii) निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य कौन-सा है ? 1

(a) वर्षा होते ही लोग घर चले गए (b) वर्षा हुई और लोग घर चले गए।

(c) जैसे ही वर्षा हुई, लोग घर चले गए। (d) वर्षा होने पर लोग घर चले गए।

(iii) निम्नलिखित में से सरल वाक्य कौन-सा है? 1

(a) मैं परिश्रम करके सफल होता हूँ। (b) मै परिश्रम हूँ ताकि सफल हो सकू

(c) हम जहाँ-जहाँ गए, हमारा स्वागत हुआ। (d) उस बालक को बुलाओ, जो बाहर खड़ा है।

(iv) 'प्रातःकाल होते ही चिड़िया चहचहाने लगती है।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य बनेगा-

(a) प्रात:काल होता है और चिड़िया चहचहाने लगती हैं।

(b) जब प्रातःकाल होता है, तब चिडियाँ चहचहाने लगती है।

(c) जैसे ही प्रातःकाल होता है, चिड़िया चहचहाने लगती है।

(d) प्रात:काल होने पर चिड़ियाँ चहाने लगती है।

(v ) कालम-1 को कालम -2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| कालम -1 | कालम-2 |
|---|---|
| 1. बिल्ली आई और दूध पी गई | i)सरल वाक्य |
| 0. यदि दूध बाहर न रखा होता,तो बिल्ली ऐसा नही कर पाती | ii)संयुक्त वाक्य |
| 0. हमें बिल्ली का जूठा दूध फेंकना पड़ा | iii) मिश्र वाक्य |

विकल्प –

. 1-(iii) 2-(i) 3-(ii) 1-(ii) 2-(iii) 3-(i)

. 1(ii) 2-(i) 3-(iii) 1 (ii) 2-(i) 3-(iii)

प्रश्न 4. 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (4 x 1 = 4 )

(i) हम तालाब में कमल का फूल देख रहे थे। यह किस वाच्य का उदाहरण है?

(a) कर्मवाच्य का (c) भाववाच्य का

(b) कर्तृवाच्य का (d) मुख्य वाच्य का

(ii) लेखिका द्वारा कॉलेज के प्रतिबंधों का विरोध किया गया। यह किस वाच्य का उदाहरण है?

(a) कर्तृवाच्य (b) भाववाच्य

(c) कर्मवाच्य (d) मुख्य वाच्य का

(iii) नौकर ने अपना पूरा काम समाप्त कर लिया है।

(a) कर्तृवाच्य (b ) भाववाच्य

(c ) कर्म वाच्य (d) अन्य वाच्य

(iv) (v ) कालम-1 को कालम -2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| कालम -1 | कालम-2 |
|---|---|
| 1. भारत द्वारा मैच जीत लिया गया | . कर्तृवाच्य |
| 2 . गेंदबाजो ने मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया | ii. कर्मवाच्य |
| 3. विपक्षी बल्लेबाजो से क्रीज़ पर रुका नही जा सका | (iii) भाववाच्य |

विकल्प –

(a ) 1-(ii) 2-(i) 3-(iii) 1-(i) 2-(iii) 3-(ii) 1(ii) 2-(iii) 3-(i)1 (i) 2-(ii) 3-(iii)

(v)इनमे कर्तृवाच्य का उदहारण है-

(a) रवीना ग़ज़ल नही गा पाती है (b) रवीना से ग़ज़ल नही गाई जाती है

(c) रवीना पैदल नही चल पाती है (d) रवीना से पैदल नही चला जाता है

प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (4 x 1 = 4 )

(i) 'चारों ओर छाई हरियाली मनमोहक लग रही थी।' रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-

(a) भाववाचक संज्ञा स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक (b) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्म कारक

(c) जातिवाचक संज्ञा स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक (d) व्यक्तिवाचक संज्ञा स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ii) 'ड्राइवर ने जोर से ब्रेक मारा ।' रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा-

(a) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया- मारा (b) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया- मारा

(c) कालवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया- मारा (d) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया- मारा

(iii) 'यह पुस्तक मैंने तब खरीदी थी, जब मैं पंद्रह वर्ष का था।' रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-1

(a) संकेतवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग (b) सार्वनामिक विशेषण, विशेष्य-पुस्तक

(c) निपात, वाक्य के अर्थ को बल दे रहा है (d) परिमाणवाचक विशेषण, विशेष्य-पुस्तक

(iv)'हालदार साहब ने पान खाया।' रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-

(a) अकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य

(b) सकर्मक क्रिया, कर्म पान, सामान्य भूतकाल,

(c) प्रेरणार्थक क्रिया, कर्म-पान, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य

(d) द्विकर्मक क्रिया, कर्म-पान, हालदार साहब, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य

(v) कुछ लड़के बाहर खेल रहे हैं। चाय में कुछ पड़ा है। दोनों वाक्यों के कुछ का सामान्य पद-परिचय होगा- 1

(a) पहला 'कुछ' सार्वनामिक विशेषण, दूसरा 'कुछ' -अनिश्चत संख्यावाचक विशेषण

(b) पहला 'कुछ' -अनिश्चवाचक सर्वनाम दूसरा 'कुछ' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(c) पहला 'कुछ' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण दूसरा 'कुछ' अनिश्चवाचक सर्वनाम

(d) पहला 'कुछ' अनिश्चित परिणामवाचक विशेषण दूसरा 'कुछ' निश्चवाचक सर्वनाम

प्रश्न -6 निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पांच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए – (4 x 1 = 4 )

i. कहती हुई यो उतरा के नेत्र जल से भर गए हिमकणों से पूर्ण मानो पंकज नए इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

. श्लेष (b) उत्प्रेक्षा (c) मानवीकरण (d) अतिश्योक्ति

(ii) आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार। राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार ॥

(a) श्लेष (b) मानवीकरण (c) अतिशयोक्ति (d ) उत्प्रेक्षा

(iii) बीती विभावरी जाग री अंबर पनघट में डुबो रही
तारा घट उषा नागरी । मे अलंकार है।

(a) श्लेष (b) उत्प्रेक्षा (c) मानवीकरण (d) अतिशयोक्ति

(iv) घनानंद प्यारे सुजान सुनौ,
यहाँ एक तै दूसरो आँक नहीं,
धौं कौन पाटी तुम पढ़े हो लला,

मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं। अलंकार पहचानिए।

(a) मानवीकण(b) अतिशयोक्ति(c) उत्प्रेक्ष (d) श्लेष

(v) नीचे दिए उदाहरणों में कौन-सा उदाहरण श्लेष अलंकार का है?

(a) मधुबन की छाती को देखो, सूखी इसकी कितनी कलियाँ।

(b) शशि- मुख पर घूँघट डाले, आँचल में दीप छिपाए।

(c) जान पड़ता है नेत्र देख बड़े-बड़े हीरकों गोल नीलम हैं जड़े।

(d) नयन मानो अरविंद हैं सरस बिसाल विसेखि।

प्रश्न-7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर का सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: (5 x 1 = 5)

किसी दिन एक शिष्या ने डरते-डरते खाँ साहब को टोका, 'बाबा! आप यह क्या करते हैं, इतनी प्रतिष्ठा है आपकी। अब तो आपको भारतरत्न भी मिल चुका है, यह फटी तहमद न पहना करें। अच्छा नहीं लगता, जब भी कोई आता है आप इसी फटी तहमद में सबसे मिलते हैं।" खाँ साहब मुसकराए। लाड़ से भरकर बोले, "धत्! पगली ई भारतरत्न हमको शहनईया पे मिला है, लुंगिया पे नाहीं । तुम लोगों की तरह बनाव-सिंगार देखते रहते, तो उमर ही बीत जाती, हो चुकती शहनाई। तब क्या खाक रियाज़ हो पाता। ठीक है बिटिया, आगे से नहीं पहनेंगे, मगर इतना बताए देते हैं कि मालिक से यही दुआ है, फटा सुर न बख्शें। लुंगिया का क्या है, आज फटी है, तो कल सी जाएगी।"

(i) बिस्मिल्ला खाँ की शिष्या ने डरते-डरते क्या कहा?

(a) आपकी इतनी प्रतिष्ठा है (b) आपको 'भारत रत्न' मिल चूका है

(c) आप फटी तहमद न पहना करे (d) उपर्युक्त सभी

(ii) शिष्या के कथन पर बिस्मिल्ला खाँ ने क्या प्रतिक्रिया दर्शाई?

(a) वे मुसकराए (b) वे क्रोधित हुए

(c) वे चुप हो गए (d) वे उसे डाँटने लग

(iii) बिस्मिल्ला खाँ ने क्या उत्तर दिया?

(a) हम लोग बनाव-सिंगार में नहीं रहते। (b)' भारत रत्न' लुगिया पर नहीं, शहनाई पर मिला है।

(c) हमें रियाज पर ध्यान देना होता है। (d) उपर्युक्त सभी

(iv) बिस्मिल्ला खाँ क्या नहीं चाहते थे?

(a) फटा सुर (b) धन-दौलत

(c) फटी लुंगी (d) प्रतिष्ठा

(v) इस गद्यांश से बिस्मिल्ला खाँ की किस विशेषता का पता चलता है?

(a) सादगी भरी जीवन शैली का (b) शहनाई बजाने की कला का

(c) हाजिर-जवाबी का (d) कपड़ों में लापरवाही का

प्रश्न 8 गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर का सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : (2 x 1 = 2)

(i) हालदार साहब को पान वाले की कौन-सी बात अच्छी नहीं लगी?

(a) बनावटी चश्मे का विवरण (b) एक देशभक्त का मजाक उड़ाया जाना

(c) तोंद पर हाथ फिराना (d) चश्मे वाले को सेनानी बताना

(ii) नवाब साहब की कौन-सी बात लेखक को बुरी लगी?

(a) उनका खीरा काटना (b) खीरे को खिड़की से बाहर फेंकना

(c) झूठी शेखी बघारना (d) बर्थ पर पसर जाना

प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प सुनकर लिखिए: (5×1-5)

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभ जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें ।।
छुअत टूट रघुपति न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।
बालक बोलि बधो नहि तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। विस्वविदित क्षत्रियकुल द्रोही ।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही । विपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा । परसु बिलोकु महीपकुमारा ।।

(i) लक्ष्मण ने हँसकर क्या कहा?

(a) हमारे लिए तो सभी धनुष एक समान हैं (b) यह तो पुराना धनुष था

(c) यह तो छूते ही टूट गया (d) उपर्युक्त सभी बातें

(ii) लक्ष्मण की बात सुनकर परशुराम ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की?

(a) परशुराम ने अपने फरसे की ओर देखा (b) लक्ष्मण को शठ कहा

(c) क्रोधित हुए (d) (a) – (b) दोनों

(iii) परशुराम ने स्वयं के बारे में किया कहा ?

(a)मैं केवल मुनि नही हूँ (b) मैं बाल-ब्रह्मचारी हूँ

(c) मैं अत्यंत क्रोधी हूँ (d) उपर्युक्त सभी

(iv) परशुराम ने अपने किस महान काम का उल्लेख किया ?

. अपनी भुजाओ के बल पर पृथ्वी को राजा से रहित किया है

. अनेक बार शिवजी की उपासना की है

. इस फरसे से सहस्त्रबाहु का छेदन किया है

. सारे संसार में अपनी वीरता का लोहा मनवाया है

(v)इस काव्यांश में किस भाषा का प्रयोग हुआ है

(a) ब्रजभाषा (b) अवधी भाषा (c) छत्तीसगढ़ी भाषा (d) संस्कृत भाषा

प्रश्न-10. पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-

i) 'दंतुरित मुसकान' कविता में बालक की माँ ने उसे किसका पान कराया? 1

(a) दूध का (b) शहद का
(c) मुधपर्क का (d) जल का

(ii) संगतकार में क्या गुण नहीं होता?
(a) गाने का (b) संगतकार को सँभालने का
(c) मनुष्यता का (d) स्वयं को जताने का

## खंड- 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर का लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए: (3 x 2 = 6)

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का पानवाला किस प्रकार का व्यक्ति था? चश्मे वाले के प्रति उसका व्यवहार कैसा था ?

(ख) बालगोबिन भगत भादों मास में किस प्रकार अपनी दिनचर्या व्यतीत करते थे? उनकी गतिविधियों का उल्लेख कीजिए।

(ग) लेखक यशपाल ने नवाब साहब के किन-किन भाव से महसूस किया कि वे बातचीत के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?

(घ) मन्नू भंडारी के पिता के स्वभाव परिवर्तन से पूर्व और बाद की एक-एक प्रमुख घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

प्रश्न 12. निर्धारित कविताओ के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : (3 x 2 = 6)

(क) गोपियों के अनुसार राजा का क्या धर्म होना चाहिए? वे इसके माध्यम से किस पर क्या कटाक्ष करती हैं?

(ख) 'उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की"- कथन के माध्यम से कवि जयशंकर प्रसाद क्या कहना चाहते हैं?

(ग) 'फसल' शीर्षक कविता में कवि ने फसल उपजाने के लिए किन आवश्यक तत्त्वों की बात की है। वे आवश्यक तत्त्व कौन-कौन से हैं?

(घ) संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं?

प्रश्न 13. 'पूरक पाठ्य-पुस्तक' के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए: (4 x 2 = 8)

(क) प्रायः बच्चे अपने माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को किस प्रकार अभिव्यक्त करते हैं? 'माता का आँचल' पाठ का भोलानाथ इसे किस प्रकार व्यक्त करता था?

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में लेखिका ने हिमालय के जिन-जिन रूपों का चित्र खींचा है, उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) लेखक अज्ञेय ने अपने आपको हिरोशिमा विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

प्रश्न-14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए -(6)

1. पुस्तक की आत्मकथा

संकेत बिंदु

• मैं हूँ

▪ मेरी विशेष बातें

• क्या सोचते हैं लोग मेरे बारे में

(ख) आजादी का अमृत महोत्सव

संकेत बिंदु

• अमृत महोत्सव का अर्थ

• इस महोत्सव में होने वाले समारोह

•इस महोत्सव का महत्त्व

(ग) चंद्रयान 3

संकेत बिंदु

• भारत के लिए ऐतिहासिक पल

• चंद्रयान 3 का उद्देश्य

• चंद्रयान 3 का महत्त्व

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ? 1 x 5 = 5

आप का नाम सौरभ शर्मा है आपके क्षेत्र में बसों की बड़ी किल्लत है परिवहन विभाग के महानिदेशक को नई बसे चलाने का अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए

अथवा

आपके मित्र उमा/ उमेश को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश में सफलता प्राप्त हुई सफलता पर उसे बधाई देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए

प्रश्न 16. (क) आप सचिन/सुचिता हैं। आपने पुस्तकालय विज्ञापन पर डिप्लोमा प्राप्त किया हैं तथा आप स्नातक हैं। नूतन मराठी स्कूल में पुस्तकालय अध्यक्ष के पद हेतु आवेदन करने के लिए स्ववृत तैयार कीजिए।

अथवा

(ख) आपके क्षेत्र की बिजली सप्लाई अनियमित है। इसकी शिकायत करते हुए विद्युत विभाग को लगभग 80 शब्दों में एक ईमेल भेजिए।

प्रश्न 17. (क) आपके पिताजी ने आयुर्वेदिक दवाओं का स्टोर खोला है। इसमें विभिन्न कंपनियों जैसे- डाबर, वैद्यनाथ, आदि की औषधियाँ उपलब्ध हैं। इस एक सचित्र विज्ञापन को लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

1x4 = 4

अथवा

(ख) अपने मित्र को विवाह के शुभ अवसर पर बधाई एवं शुभकामना संदेश लगभग 60शब्दों में लिखें।